(ख) यदि हां, तो कितनी सहायता दी जायेगी और उसकी शर्तें क्या हैं और उसका उपयोग किस प्रकार किया जायेगा ?

**वित्त तथा राजस्व और बैंकिंग मंत्री (श्री एच० एम० पटेल)** : (क) और (ख). जी, हां । सोवियत समाजवादी जनतंत्र संघ की सरकार और भारत सरकार के बीच 27 अप्रैल, 1977 को 25 करोड़ रूबल के एक ऋण करार पर हस्ताक्षर किए गए थे । यह ऋण लौह धातु उद्योग के विकास, रानीगंज और सिंगरौली क्षेत्रों की कोयला खनन परियोजनाओं और दोनों सरकारों द्वारा परस्पर सम्मत अन्य परियोजनाओं के लिए है । इस ऋण की वापसी अदायगी 20 वर्ष में की जानी है जिसमें 3 वर्ष की रियायती अवधि शामिल है और इस पर $2\frac{1}{2}$ प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज लगेगा ।

**श्रीमती इन्दिरा गांधी और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा आयकर की अदायगी**

3667. **श्री राघवजी** : क्या वित्त तथा राजस्व और बैंकिंग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भूतपूर्व प्रधान मंत्री, श्रीमती इन्दिरा गांधी, उनके पुत्रों, सर्वश्री संजय गांधी और राजीव गांधी तथा पुत्र वधुओं, श्रीमती सोनिया और श्रीमती मेनका गांधी द्वारा प्रस्तुत आयकर विवरणियों के अनुसार उनका गत तीन वर्षों की आय का विस्तृत विवरण क्या है;

(ख) उनके विवरण के अनुसार उनकी आय के स्रोत क्या हैं और प्रत्येक स्रोत से, वर्ष वार आय कितनी थी; और

(ग) उनकी आय का निर्धारण आय कर के प्रयोजन के लिए किस वर्ष तक कर लिया गया है और उनमें से किस के विदेशों में बैंक खाते हैं ?

**वित्त तथा राजस्व और बैंकिंग मंत्री (श्री एच० एम० पटेल)** : (क) से (ग). श्रीमती इन्दिरा गांधी, श्री संजय गांधी, श्री राजीव गांधी तथा श्रीमती सोनिया गांधी के सम्बन्ध में सूचना विवरण क, ख, ग तथा घ में दी गयी है।

श्रीमती मेनका गांधी ने आयकर की कोई विवरणी दाखिल नहीं की है।

**विवरण 'क'**

श्रीमती इन्दिरा गांधी

| आय का विवरण-पत्र | कर-निर्धारण वर्ष | | |
|---|---|---|---|
| | 1975–76 | 1976–77 | 1977–78 |
| (क) विवरणी में दिखाई गई कुल आय . . | 1,05,565.85 | 87,512.89 | 1,24,481.32 |
| (ख) विवरण-पत्र के अनुसार आय के स्रोत | | | |
| (i) वेतन . . | 34,199.00 | 34,225.25 | 36,624.00 |
| (ii) सरकारी प्रतिभूतियां . | 210.10 | 210.10 | 210.60 |

| आय का विवरण-पत्र | 1975–76 | 1976–77 | 1977–78 |
|---|---|---|---|
| (iii) अन्य प्रतिभूतियां . | 1,681.77 | .. | .. |
| (iv) लाभांश . . | 3,243.35 | †8,079.55 | †8,126.72 |
| (v) नियतकालिक जमा रकमों पर ब्याज . | 2,968.75 | 3,125.00 | .. |
| (vi) वार्षिकी . . . | 4,010.00 | 3,641.25 | 3,341.25 |
| (vii) अन्य मदें अर्थात् रायल्टी से आय तथा यूनिटों से लाभांश आय . . . | 59,252.88 | 38,231.74 | 76,178.75 |

†इस में यूनिट ट्रस्ट आफ इंडिया पर लाभांश भी शामिल है, जो पूर्ववर्ती वर्षों के लिए रायल्टी से आय के साथ ही दिखाया गया है ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कुल . . . | 1,05,565.85 | 87,512.89 | 1,24,481.32 |
| अध्याय VI क के अधीन दावा की गई कटौतियां कम करें . . | 14,146.00 | 5,000.00 | 5,000.00 |
| कुल आय . . | 91,419.85 | 82,510.00 | 1,19,481.32 |

(ग) : (i) कर-निर्धारण वर्ष 1976–77 तक के कर-निर्धारण पूरे कर लिए गए हैं ।

(ii) श्रीमती इन्दिरा नेहरू गांधी द्वारा विदेशों में कोई बैंक खाता रखे जाने के सम्बन्ध में रिकार्ड में कोई सूचना उपलब्ध नहीं है ।

विवरण 'ख'

**श्री संजय गांधी**

| | | | कर-निर्धारण वर्ष | |
|---|---|---|---|---|
| आय का विवरण-पत्र | 1974–75 | 1975–76 | 1976–77 मूल | संशोधित |
| (क) विवरणी में दिखाई गई कुल आय . . . | 57,327 | 90,460 | 57,691 | 59,107 |
| (ख) विवरण-पत्र के अनुसार आय के स्रोत | | | | |
| (i) वेतन . . | 48,000 | 50,600 | 44,500 | 44,500 |
| (ii) लाभांश . . | 1,298 | 35,880 | 10,328 | 10,328 |
| (iii) ब्याज . | 8,029 | 3,980 | 4,279 | 4,279 |
| (iv) सम्पत्ति . . | | | (हानि) 1,416 | कुछ नहीं |
| विवरणी में दिखाई गई कुल आय | 57,327 | 90,460 | 57,691 | 59,107 |
| अध्याय Vi–ए के अधीन दावा की गयी कटौतियां कम करें . | 11,416 | 12,576 | 13,463 | 13,463 |
| कुल आय : . . | 45,911 | 77,884 | 44,228 | 45,644 |

(ग) (i) कर-निर्धारण वर्ष 1976–77 तक के कर-निर्धारण पूरे कर लिए गए हैं।

(ii) श्री संजय गांधी द्वारा विदेशों में बैंक खाता रखे जाने के सम्बन्ध में रिकार्ड में कोई सूचना उपलब्ध नहीं है।

विवरण - ग

श्री राजीव गांधी — कर-निर्धारण वर्ष

| आय का विवरण | 1974–75 | 1975–76 | 1976–77 |
|---|---|---|---|
| (क) विवरणी में दी गयी सकल कुल आय | 33,593 | 36,677 | 36,057 |
| (ख) विवरण-पत्र के अनुसार आय के स्रोत | | | |
| (i) वेतन | 33,593 | 36,677 | 36,087 |
| (ii) लाभांश | .. | .. | .. |
| (iii) ब्याज | .. | .. | .. |
| (iv) सम्पत्ति | .. | .. | .. |
| अध्याय vi-ए के अन्तर्गत दावा की गयी कटौतियां कम करें | 4,964 | 5,079 | 6,412 |
| कुल आय | 28,629 | 31,598 | 29,645 |

(ग) (i) कर निर्धारण वर्ष 1974–75 तक कर-निर्धारण पूरे कर लिये गए हैं।

(ii) श्री राजीव गांधी द्वारा विदेशों में कोई भी बैंक खाता रखने के सम्बन्ध में रिकार्ड में कोई सूचना उपलब्ध नहीं है।

विवरण - घ

श्रीमती सोनिया गांधी — कर-निर्धारण वर्ष

| आय का विवरण | 1974–75 | 1975–76 | 1976–77 |
|---|---|---|---|
| (क) विवरण में भरी गयी सकल कुल आय | 36,724 | 40,966 | 4,995 |
| (ख) विवरण पत्र के अनुसार आय के स्रोत | | | |
| (i) वेतन | 35,538 | 29,200 | 833 |
| (ii) लाभांश | 1,154 | 7,138 | 1,823 |
| (iii) ब्याज | 32 | 199 | 375 |
| (iv) बीमा कमीशन | .. | 2,158 | 1,964 |
| (v) पूंजीगत लाभ | .. | 2,271 | .. |
| अध्याय vi-ए के अन्तर्गत दावा की गई कटौतियां कम करें | 6,549 | 10,640 | 4,995 |
| कुल आय | 30,175 | 30,326 | .. |

(ग) (i) कर-निर्धारण वर्ष 1976–77 तक कर निर्धारण पूरे कर दिये गए हैं।

(ii) श्रीमती सोनिया गांधी द्वारा विदेशों में बैंक खाता रखने के सम्बन्ध में रिकार्ड में कोई सूचना उपलब्ध नहीं है।